CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER


RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 63 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 20 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्थान में जल्द होंगे पंचायत-निकाय चुनाव

## निर्वाचन आयुक्त बोले- कानूनी प्रावधान साफ, आदेश सर्वोपरि

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**




राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनाव अब देर नहीं होंगे। हाईकोर्ट के हालिया आदेश के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन पंचायतों और निकायों का पांच साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है या अगले दो माह में पूरा होने वाला है, वहां चुनाव शीघ्र कराए जाएंगे। आयोग ने संकेत दिया है कि अगले 7 से 10 दिन में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी जाएगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने कहा कि पंचायती राज और निकायों के चुनाव पांच साल के भीतर करवाना संवैधानिक प्रावधान है और हाईकोर्ट का आदेश इन्हीं प्रावधानों के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी चुनाव टलने पर अदालतों ने हस्तक्षेप किया था। इसी तरह राजस्थान में भी हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन किया जाएगा।

गुप्ता ने साफ कहा कि आयोग के लिए अदालत का आदेश सर्वोपरि है और इसमें कोई विलंब नहीं होगा। जहां भी कार्यकाल पूरा हो चुका है, वहां पर समयबद्ध तरीके से मतदान कराया जाएगा।

इस दौरान उन्होंने 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की अवधारणा को अव्यावहारिक बताया। गुप्ता ने कहा कि जब तक संविधान संशोधन नहीं होता, तब तक सभी निकायों और पंचायतों के चुनाव एकसाथ कराना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि समय से पहले किसी निकाय या पंचायत का चुनाव कराने का कानूनी आधार नहीं है और इसके लिए बड़े पैमाने पर संसाधनों की भी आवश्यकता होगी।

सूत्रों के अनुसार, राज्य निर्वाचन आयोग करीब 11 हजार पंचायतों और 150 से अधिक शहरी निकायों में चुनाव करवाने की तैयारी में जुटा है।

# उपराष्ट्रपति पद की दौड़: दक्षिण भारत से दो दिग्गज उम्मीदवार, I.N.D.I.A. ने जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार घोषित किया



**भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली**

देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद के लिए इस बार मुकाबला पूरी तरह दक्षिण भारत तक सिमट गया है। I.N.D.I.A. ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया, वहीं NDA ने तमिलनाडु के ही सीपी राधाकृष्णन को मैदान में उतारा है। दोनों ही उम्मीदवार दक्षिणी राज्यों से होने के कारण इस चुनाव को 'दक्षिण बनाम दक्षिण' मुकाबला कहा जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया 21 अगस्त तक चलेगी, जबकि वोटिंग 9 सितंबर को होगी। NDA उम्मीदवार राधाकृष्णन 20 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। रिटायर जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का जन्म 8 जुलाई 1946 को हुआ। उन्होंने बीए और एलएलबी की पढ़ाई की और 1995 में आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश बने। बाद में 2005 में गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश और 2007 में सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में नियुक्त हुए। उनका रिटायरमेंट 2011 में हुआ। तमिलनाडु के रहने वाले NDA उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन फिलहाल महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। I.N.D.I.A. ब्लॉक के भीतर ISRO वैज्ञानिक या इस्त्र्य सांसद शिवा में से किसी एक नाम पर सहमति बनते ही इस चुनाव में दक्षिण भारत का प्रभाव निर्णायक साबित हो सकता है।

# भीलवाड़ा में तीन बदमाशों पर गूंडा एक्ट, जिला निष्कासन की कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए गूंडा एक्ट के तहत तीन बदमाशों को जिला निष्कासन की कार्रवाई की है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गंगापुर, कोतवाली और भीमगंज थाना क्षेत्र के आरोपियों को जिले से बाहर किया गया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि अपराधियों की जुआ, सट्टा और अवैध गतिविधियों से क्षेत्र में लोकशांति भंग होने की संभावना थी। ऐसे में गूंडा एक्ट के तहत कार्रवाई कर इन्हें निष्कासित किया गया।

जिला निष्कासन किए गए अपराधी थाना गंगापुर के यासीन खां उर्फ टीपू (32), निवासी बैंगनपुरा को 30 दिन के लिए जिला निष्कासन, थाना भीमगंज के शकील शाह (23), निवासी गुलजार नगर को 30 दिन के लिए जिला निष्कासन एवं थाना कोतवाली के धर्मेन्द्र सिंह (35), निवासी कांवाखेड़ा कच्ची बस्ती को 15 दिन के लिए जिला निष्कासन किया गया है। इसी के साथ जिले के सभी थाना अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वो आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों पर नकेल कसने के लिए गूंडा एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई करे, ताकि शांति व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# भीलवाड़ा में सीएमएचओ डॉ.गोस्वामी अनियमितताओं के मामले में निलंबित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग ने भीलवाड़ा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ. चेतेंद्र पुरी गोस्वामी को अनियमितताओं के मामले में दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कार्मिक विभाग के शासन उप सचिव सैयद सिराज अली जैदी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, डॉ. गोस्वामी के खिलाफ प्राप्त शिकायतों की जांच प्रशासनिक विभाग के पत्र दिनांक 26 मई 2025 के आधार पर गठित जांच अधिकारी ने की थी। जांच रिपोर्ट में उन्हें दोषी पाया गया। इसके आधार पर राज्य सरकार ने निलंबन की कार्रवाई की।

निलंबन अवधि के दौरान डॉ. गोस्वामी का मुख्यालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिवालय, जयपुर रहेगा।

गौरतलब है कि डॉ. गोस्वामी पर एनएचएम भर्तियों में गड़बड़ी सहित कई गंभीर आरोप लगे थे, जिनकी जांच प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा की गई थी। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई।

# भ्रष्टाचार व अश्लीलता के दोषियों की रिपोर्ट घरों पर चस्पा होगी : दिलावर'

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

**डॉ.चेतन ठठेरा**



अश्लीलता भ्रष्टाचार और एसीबी से जुड़े गंभीर मामलों में दोषी पाए गए शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कार्मिकों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक तौर पर उनके घरों के बाहर चस्पा की जाएगी। तथा 20 सितंबर तक स्टाफिंग पैटर्न पूरा किया जाए।

यह बात शिक्षा पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने मगलवार को राधाकृष्णन स्थित शिक्षा संकुल सभागार में विभागीय लंबी प्रकरण की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। शिक्षामंत्री ने भ्रष्टाचार, अश्लीलता और एसीबी से जुड़े गंभीर मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि दोषी पाए गए अधिकारी/कर्मचारियों के घरों के बाहर जांच प्रकरण की रिपोर्ट चस्पा की जाएगी, ताकि उनके परिवार को भी उनकी करतूतों की जानकारी हो। बैठक में शिक्षामंत्री ने कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए दोषियों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने डेपुटेशन पूर्ण कर चुके अधिकारियों को तुरंत वापस बुलाने तथा 20 सितंबर तक स्टाफिंग पैटर्न पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। शिक्षामंत्री ने कम परीक्षा परिणाम देने वाले संस्था प्रधानों और शिक्षकों के खिलाफ भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। शिक्षामंत्री ने अपने कार्यालय से प्राप्त पत्रों पर लंबित प्रकरणों को भी तत्काल निपटाने के आदेश दिए। बैठक में मिड-डे मील निदेशक विश्वमोहन शर्मा, प्राथमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर सहित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सलावटिया तिलस्वा मार्ग पर ट्रैक्टर-बाइक भिड़ंत, युवक गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया**

( विकास जैन ) - तिलस्वा मार्ग पर मंगलवार शाम को सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब तिलस्वा की ओर से आ रहा पत्थर से भरा ट्रैक्टर सलावटिया की तरफ आ रही बाइक से भिड़ गया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार गोपाल पिता हीरा अहीर, निवासी जाड़ोली, सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर पर गहरी चोट आई है। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों ने तुरंत कांस्या पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घायल को बिजोलिया स्थित अस्पताल के लिए रवाना किया। जहाँ चिकित्सकों ने गंभीर हालत होने पर युवक को कोटा रेफर किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# खदान में मिला महिला का शव, इलाके में सनसनी

भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा

केसपुरा गांव के पास पानी से भरी बंद खदान में मंगलवार देर शाम एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुचीं और शव बाहर निकाला। पुलिस ने बताया की प्रारंभिक दृष्टया शव 2-3 दिन पुराना होने से सड़ चुका है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। शव को कस्बा स्थित अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है । महिला की शिनाख्ती के प्रयास जारी है।

# 11 महीने से ठप पड़ा निर्माण कार्य, ठेकेदार ने की आदेश निरस्त करने की मांग



भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊरणा में करीब 11 महीने से ठप पड़े निर्माण कार्य को लेकर अब नया मोड़ आ गया है। विभाग की ओर से बार-बार नोटिस देने के बावजूद ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया। अब खुद ठेकेदार ने विभाग को पत्र लिखकर कार्य आदेश निरस्त करने का अनुरोध किया है। ठेकेदार ने पत्र में उल्लेख किया है कि व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों से वह कार्य करने में असमर्थ है, इसलिए विभाग उसका कार्य आदेश निरस्त कर दे।

गौरतलब है कि विद्यालय परिसर में कक्षा-कक्ष निर्माण का कार्य पिछले साल ही प्रारंभ होना था, लेकिन 11 महीने बीत जाने के बाद भी निर्माण अधूरा पड़ा है। इसका खामियाजा विद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें जर्जर कमरों और सीमित स्थान में पढ़ाई करनी पड़ रही है।

इस मामले में पूर्व सरपंच राकेश कुमार खटीक ने विभाग से शीघ्र नया ठेकेदार नियुक्त कर कार्य चालू कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अधूरा पड़ा निर्माण विद्यार्थियों की पढ़ाई में बाधा बन रहा है, जिसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए।

# आसींद नगर पालिका के सफाई कर्मचारी झाड़ू डाउन हड़ताल पर, मांगे पूरी नहीं होने से नाराज़गी



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद

नगर पालिका के स्थाई एवं अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन झाड़ू डाउन हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों का कहना है कि सात दिन पूर्व आश्वासन देने के बावजूद उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे मजबूरन उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

सफाई कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष राहुल अटवाल ने बताया कि कर्मचारियों ने पूर्व में नगर पालिका प्रशासन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कई मांगें रखी थीं। इनमें बकाया एरियर का नियम अनुसार भुगतान, सेरेंडर भुगतान, 9, 18 और 27 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान लागू करना, पदोन्नति प्रस्ताव पर विचार, बजट बैठक में कर्मचारियों के लिए हॉल का निर्माण और वेतन विसंगतियों को दूर कर नियमित भुगतान जैसी प्रमुख मांगे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सात दिन के भीतर समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन समय सीमा बीत जाने पर भी कार्रवाई नहीं होने से सफाई कर्मचारियों में आक्रोश है। जिसके चलते हड़ताल शुरू की गई है ।

# भीलवाड़ा में गिव अप अभियान की बड़ी सफलता, 91 हजार से ज्यादा लोगों ने छोड़ी खाद्य सब्सिडी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले में गिव अप अभियान को जबरदस्त सफलता मिली है। अब तक 91,027 सक्षम लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी छोड़ी, जिससे 1,89,251 जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा सूची में जोड़ा जा सका है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है। सक्षम लोगों के सब्सिडी त्यागने से गरीबों को न केवल सस्ता राशन मिल रहा है, बल्कि उन्हें 25



लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज, 10 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा और 450 रुपये में सालाना 12 गैस सिलेंडर की सुविधा भी मिल रही है। प्रदेश स्तर पर अब तक 27 लाख से ज्यादा लाभार्थियों ने खाद्य सब्सिडी छोड़ी है, जिससे 56.62 लाख जरूरतमंद लोगों को जोड़ा गया है।

# बिजौलिया क्षेत्र में दो सड़क हादसे, तीन घायल, एक को किया रेफर





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे कोटा रेफर किया गया ।

हैड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह ने बताया की पहली घटना टाटा शोरूम के पास हुई, जहां दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। रामदेवरा से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं में से धीरप सिंह पुत्र बापूलाल, निवासी



झिरी, जिला राजगढ़ (मप्र) गंभीर घायल हो गया, जबकि हिम्मत सिंह पुत्र पूनमचंद, निवासी देतला, जिला राजगढ़ (मप्र) को हल्की चोटें आई।

दूसरी घटना भोपतपुरा के पास हुई। यहां सड़क पर अचानक आए मवेशियों से बाइक सवार दंपती हादसे का शिकार हो गए। इस दुर्घटना में मीना पत्नी राजेंद्र जाट, निवासी उलेला बूंदी घायल हो गई, जबकि उसके पति को मामूली चोटें आई।


घटना में गंभीर घायल धीरप सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# भीलवाड़ा में आयकर विभाग की छापेमारी जारी, गुर्जर मोहल्ले में मचा हड़कंप

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजनीतिक पार्टियों के डोनेशन के मामलों की जांच को लेकर मंगलवार सुबह आयकर विभाग ने कोतवाली थाना क्षेत्र के गुर्जर मोहल्ले में छापा मारकर सर्च ऑपरेशन चलाया। अचानक हुई कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस जाप्ता भी तैनात रहा।

सूत्रों के अनुसार जयपुर और दिल्ली से आई टीम ने मोहल्ले में रहने वाले महेश के घर छानबीन शुरू की। महेश पर संदिग्ध लेन-देन, एकाउंट्स संचालन और टैक्स से जुड़ी सेवाओं में मध्यस्थ की भूमिका निभाने का शक जताया जा रहा है। इससे पहले सोमवार को आयकर विभाग ने अजाद नगर क्षेत्र में बाकलियावाल पिता-पुत्र के यहां भी छापा डाला था। टीम को वहां से



कई अहम दस्तावेज मिले थे। जांच में खुलासा हुआ है कि मॉरीशस के जरिए इंटर आर्क बिल्डिंग्स सॉल्यूशन लिमिटेड कंपनी में बड़ा निवेश किया गया।

विभाग को संदेह है कि विदेश से आया यह पैसा ब्लैक मनी से जुड़ा है, जिसे टैक्स बचाने के उद्देश्य से भारत लाया गया। इसी सिलसिले में विभाग ने दिल्ली, मुंबई, नोएडा, दसोई के बाद अब भीलवाड़ा में भी छापेमारी तेज कर दी है। फिलहाल कार्रवाई जारी है।

# कोटड़ी में झोलाछाप पर चिकित्सा विभाग की कार्रवाई, क्लिनिक सीज

भीलवाड़ा फोकस @ कोटडी

कस्बे में जहाजपुर रोड पर चल रहे एक कथित झोलाछाप चिकित्सक के क्लिनिक पर मंगलवार को चिकित्सा विभाग की टीम ने छापा मारकर कार्रवाई की। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोटड़ी, डॉ. सुरेश शर्मा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में क्लिनिक पर अवैध रूप से दवाइयाँ मिलने पर उसे सीज कर दिया गया है।

जाँच के दौरान जब कथित



चिकित्सक से वैध लाइसेंस व डिग्री प्रस्तुत करने को कहा गया तो वह कोई प्रमाण पेश नहीं कर सका। इसी बीच मौका पाकर झोलाछाप क्लिनिक पर ताला लगाकर भाग निकला। सूचना पर कोटड़ी पुलिस भी मौके पर पहुँची और टीम की कार्रवाई में सहयोग किया।

बीसीएमओ डॉ. शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की बढ़ती शिकायतों के मद्देनज़र विभाग द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे नकली चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। चिकित्सा विभाग ने आमजन से अपील की कि वे झोलाछाप डॉक्टरों के झांसे में न आएँ और इलाज के लिए केवल पंजीकृत व प्रमाणित चिकित्सकों से ही संपर्क करें।

उधर चिकित्सा विभाग की इस कार्रवाई से संपूर्ण क्षेत्र में फैले झोलाछाप चिकित्सकों में हड़कंप मच गया।



## QUICK BITES

### सांसद अग्रवाल ने भीलवाड़ा में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर की मांग उठाई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा में नियम 377 के तहत भीलवाड़ा में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर खोलने और प्राइवेट अस्पतालों को सीजीएचएस से अनुबंधित करने की मांग रखी।

उन्होंने बताया कि जिले में केंद्र सरकार के 30 से अधिक विभाग होने के बावजूद न तो वेलनेस सेंटर है और न ही अनुबंधित अस्पताल। इस कारण लाभार्थियों को इलाज के लिए दिल्ली, अहमदाबाद या जयपुर जाना पड़ता है, जिससे आपात स्थिति में गंभीर खतरा रहता है।

सांसद ने कहा कि गैर-अनुबंधित अस्पतालों में इलाज का खर्च अधिक होता है और लाभार्थियों को पूरा पैसा वापस भी नहीं मिलता। उन्होंने केंद्र सरकार से शीघ्र कदम उठाने की अपील की।

### काछोला में मनरेगा फर्जीवाड़ा उजागर, एक ही श्रमिक की दो मस्टरोल में हाजिरी दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



मनरेगा योजना में पारदर्शिता और रोजगार की गारंटी के दावों के बीच काछोला कस्बे में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां एक ही श्रमिक की हाजिरी अलग-अलग कामों की दो मस्टरोल में दर्ज पाई गई है।

ग्रामीण प्रभुलाल बलाई और मांगीलाल सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि काछोला में मियावाकी पद्धति से सघन पौधारोपण (मस्टरोल संख्या 23007) और फलदार वाटिका निर्माण (मस्टरोल संख्या 23006) कार्यों की जांच में गंभीर गड़बड़ियां मिलीं। मजदूरों की वास्तविक उपस्थिति दर्ज करने के बजाय नाम मात्र की हाजिरी भरी जा रही है। कई मामलों में एक ही श्रमिक की हाजिरी दो अलग-अलग कार्यस्थलों पर दर्ज की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि यह पूरा खेल रोजगार सहायक और पंचायत स्तर के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है। मजदूरों के नाम और जॉब कार्ड का दुरुपयोग कर फर्जी भुगतान उठाया जा रहा है, जबकि वास्तविक श्रमिकों को उनका पूरा मेहनताना तक नहीं मिल पा रहा। इस गड़बड़ी से न केवल सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है, बल्कि गरीब मजदूरों के अधिकारों पर भी सीधा प्रहार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए जिला कलक्टर भीलवाड़ा को शिकायत भेजी है, ताकि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो सके।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# शिक्षा से ही संभव है विकसित भारत का निर्माण : डॉ. लालाराम बैरवा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(पेसवानी)। शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग करके आप दुनिया को बदल सकते हैं। नेल्सन मंडेला की इन पंक्तियों का हवाला देते हुए शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने मंगलवार को राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक संस्था प्रधान वाक्-पीठ, ब्लॉक शाहपुरा के दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन श्री राजपूत धर्मशाला, धनोप माता परिसर में हुआ, जिसमें ब्लॉक के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

डॉ. बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय केवल ज्ञान देने का केंद्र न होकर संस्कारों की पाठशाला भी होना चाहिए। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ मौलिक और नैतिक शिक्षा देना आवश्यक है, ताकि वे न केवल अच्छे नागरिक बल्कि अच्छे इंसान भी बन सकें। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कई शिक्षा नीतियां बनीं, लेकिन वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करोड़ों लोगों के सुझावों से तैयार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनाने के साथ भारतीय मूल्यों से भी जोड़ेगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह नीति ऐसी पीढ़ी तैयार करेगी जो विकसित भारत के सपने को साकार करेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीबीईओ शाहपुरा गीता माहेश्वरी उपस्थित रहीं। साथ ही एसीबीईओ-1 डॉ. सत्यनारायण कुमावत, एसीबीईओ-2 भंवर बलाई, पूर्व मंडल अध्यक्ष उदय लाल सिरोठा, पीईईओ धनोप अभिषेक मिश्रा, सरपंच रिंकू देवी वैष्णव, प्रधानाचार्य जितेंद्र राय उपाध्याय, समाजसेवी लक्ष्मण वैष्णव सहित ब्लॉक के प्रधानाचार्य शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और शिक्षा को व्यवहारिक जीवन से जोड़ने पर बल दिया। आयोजन का उद्देश्य यह संदेश देना था कि शिक्षा और संस्कार साथ चलें तो आने वाली पीढ़ी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# शाहपुरा में ठप पड़ा केसरीसिंह बारहठ पेनोरमा निर्माण, लखावत ने जताई कड़ी नाराजगी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(पेसवानी)। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत मंगलवार को शाहपुरा पहुंचे और निर्माणाधीन क्रांतिकारी केसरीसिंह बारहठ पेनोरमा का निरीक्षण किया। स्थल पर काम बंद देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि संवेदक को पाबंद कर तुरंत कार्य शुरू कराया जाए, अन्यथा कार्रवाई होगी।

निरीक्षण के दौरान चौकीदारी कर रहे युवक ने बताया कि संवेदक पिछले एक माह से काम पर नहीं आया और उसे मेहनताना भी नहीं मिला। इस पर लखावत ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यह कार्य उनकी प्राथमिकताओं में है और किसी भी हाल में अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेनोरमा का काम शीघ्र गति से फिर शुरू कराया जाएगा।

लखावत ने कहा कि शाहपुरा की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहरों को संजोने के लिए पेनोरमा का समयबद्ध निर्माण जरूरी है, ताकि



नई पीढ़ी क्रांतिकारी केसरीसिंह बारहठ और संत रामचरण महाराज के योगदान से प्रेरणा ले सके।

उन्होंने रामस्नेही संप्रदाय के प्रवर्तक संत रामचरण महाराज पेनोरमा की प्रगति की भी जानकारी ली और अभियंता को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, पूर्व अध्यक्ष कन्हैया लाल सोनी, श्री प्रताप सिंह बारहठ सेवा संस्थान सचिव कैलाश जाड़ावत तथा प्राधिकरण के सहायक अभियंता मौजूद रहे।

# बनास नदी में अवैध बजरी खनन पर ग्रामीणों की शिकायत, जन सुनवाई में अधिकारीयो ने साधी चुप्पी

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़





उपखंड क्षेत्र बीगोद में बजरी लीज के पर्यावरण स्वीकृति को लेकर मंगलवार को राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल भीलवाड़ा की ओर से जन सुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने बनास नदी में हो रहे बेतहाशा अवैध खनन, नदी के बिगड़ते स्वरूप और भूजल स्तर पर पड़ रहे दुष्प्रभाव की शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। लेकिन शिकायतों पर किसी भी अधिकारी ने ठोस जवाब नहीं दिया और कार्रवाई को लेकर चुप्पी साधे रहे।

जन सुनवाई में भीलवाड़ा अतिरिक्त कलक्टर ओमप्रकाश मेहरा, प्रदूषण मंडल अधिकारीगण, उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई, तहसीलदार बसंत कुमार पांडे और बीगोद थानाधिकारी जय सुल्तान मौजूद रहे। भाजपा नेता सलाउद्दीन ने आरोप लगाया कि लंबे समय से नदी में अवैध खनन जारी है। गहरी खाइयों से नदी का स्वरूप बिगड़ चुका है और भूजलस्तर भी प्रभावित हुआ है। रोजाना पुलिस की मौजूदगी में बजरी से भरे अवैध वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इसके अलावा फैक्ट्रियों का काला पानी बनास में छोड़े जाने से नदी का जल स्नान योग्य भी नहीं रहा। सामाजिक कार्यकर्ता मुनीर लौहार ने कहा कि पूर्व लीजधारकों और खनन माफिया ने मिलकर नदी का विनाश कर दिया है। रोजाना बडलियास, बीगोद और काछोला क्षेत्र से करीब 300 ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध बजरी भरकर मांडलगढ़, बिजौलिया और बेगूं तक सप्लाई की जा रही है। पुलिस व प्रशासन की मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं है। खनन माफिया के कारण बजरी इतनी महंगी हो गई है कि आमजन की पहुंच से बाहर हो गई है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि खटवाड़ा क्षेत्र में बजरी लीज स्वीकृत कर नियमानुसार खनन हो तो आम लोगों को घर बनाने के लिए सस्ती बजरी उपलब्ध हो सकेगी। हालांकि, ग्रामीणों की गंभीर शिकायतों और आपत्तियों पर प्रशासनिक अधिकारियों ने कोई आश्वासन तक नहीं दिया। अधिकारियों की चुप्पी और निष्क्रियता से ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला।


# बारिश की कामना को लेकर आकोला में बाजार बंद

## भैरुनाथ मंदिर पर जुटे ग्रामीण, परंपरा वर्षों से जारी

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक** । कस्बे में मंगलवार को बारिश की कामना को लेकर स्वेच्छा से बाजार बंद रखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले पखवाड़े से क्षेत्र में बारिश नहीं होने से खेतों में खड़ी फसलें सूखने के कगार पर हैं, जिससे किसानों और ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। इस परंपरा के तहत गांव की सभी दुकानें बंद कर ग्रामीण ढोल-नगाड़ों के साथ आडा गैला भैरुनाथ मंदिर पहुंचे और अच्छी बारिश की कामना की। पौराणिक मान्यता है कि जब भी क्षेत्र में बारिश का





संकट गहराता है, तब ग्रामीण सामूहिक रूप से भैरुनाथ मंदिर जाकर बारिश की अरदास करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और भैरुनाथ उनकी मनोकामना पूरी करते हैं।

# अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी ने संभाला दायित्व

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट, भीलवाड़ा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को उत्सव भवन में आयोजित हुआ। समारोह में नवचयनित पदाधिकारियों ने शपथ लेकर समाज सेवा के संकल्प को दोहराया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान अग्रसेन व कुल देवी महालक्ष्मी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी दीपक मित्तल ने सभी नवनिर्वाचित ट्रस्टियों को शपथ दिलाई। इस दौरान पवन खेमका ने अध्यक्ष पद, प्रहलाद राय बंसल ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, घनश्याम मुकुंद अग्रवाल ने उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार अग्रवाल ने महामंत्री, मुकेश पाटोदिया ने सह मंत्री, रवि कुमार नरेडी ने कोषाध्यक्ष तथा सुनील कुमार मानसिंहका ने सह-कोषाध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण किया।




शपथ ग्रहण के पश्चात पदाधिकारियों ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में की गई घोषणाओं को शीघ्र अमल में लाने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही समाज के विकास को नए आयाम देने और सौंपे गए विश्वास पर खरा उतरने का आश्वासन दिया।

समारोह में पूरणमल बेसवाल, बनवारीलाल मुरारका, विश्वनाथ पाटोदिया, मदनलाल अग्रवाल, राधेश्याम बंसल, जी.पी. सिंघल, हनुमान अग्रवाल, विजय लोहिया सहित समाज के वरिष्ठजन व युवा साथी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत गंगा मन को करती है पवित्र, गोवर्धन पर्वत की झांकी बनी आकर्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर के रामद्वारा में संजय कॉलोनी निवासी सामरिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ के पाँचवें दिन मंगलवार को कथा वाचक रामस्नेही संत हरशुकराम ने भगवान श्रीकृष्ण की बाललीला, माखन चोरी, गोवर्धन लीला और रासलीला का मनमोहक वर्णन किया।

संत हरशुकराम ने कहा कि श्रीमद् भागवत गंगा के समान है। संतों ने भागवत को गंगा रूपी वाणी कहा है। हरिद्वार की भागीरथी गंगा तन को पवित्र करती है, जबकि श्रीमद् भागवत गंगा मन को पवित्र कर गोविंद की प्राप्ति कराती है। इसी कारण भागवत गंगा का महत्व सबसे अधिक है। उन्होंने प्रवचन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर भी संदेश दिया।

आयोजक रतनलाल सामरिया ने बताया कि कथा के अवसर पर छप्पन भोग व गोवर्धन पर्वत की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, जमनालाल कालिया, श्यामलाल डाड, कैलाश मूंदड़ा, राजेश अग्रवाल, विक्रांत पाराशर ने



संत श्री का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।

# जालिया गांव में अवैध ब्लास्टिंग के खिलाफ किसानों का धरना 50वें दिन भी जारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

बनेड़ा तहसील के महुवाखुर्द स्थित जालिया गांव में जिंदल शा लिमिटेड की ओर से हो रही कथित अवैध ब्लास्टिंग व खनन के विरोध में किसानों का धरना मंगलवार को 50वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध गतिविधियां बंद नहीं हुईं तो वे आत्मदाह करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और राज्य सरकार की होगी।

ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी द्वारा की जा रही ब्लास्टिंग से खेतों और मकानों पर बड़े-बड़े पत्थर गिरते हैं। कई मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और खेतों में काम कर रही महिलाओं को चोटें भी लगीं, जिनकी रिपोर्ट बनेड़ा थाने में दर्ज है। ग्रामीणों का कहना है कि कोर्ट द्वारा अवैध ब्लास्टिंग पर रोक के बावजूद खुलेआम आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।



धरना स्थल पर पुलिस पहुंचकर केवल औपचारिकता निभाती है। किसानों ने बताया कि एसडीएम और तहसीलदार को बुलाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक किसी अधिकारी ने उनकी समस्या जानने की कोशिश नहीं की। किसानों का आरोप है कि प्रशासन उनकी आत्महत्या का इंतजार कर रहा है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सात दिन में समाधान नहीं हुआ तो वे जयपुर मुख्यमंत्री आवास पर जाकर धरना देंगे और सीधा मुख्यमंत्री से गुहार लगाएंगे।

# राजस्थान युवा सभाः विद्यार्थियों को मिलेगा विधानसभा का अनुभव

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

**डॉ .चेतन ठठेरा**

प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी अब राजस्थान विधानसभा में बैठकर राजनीति और बहस करते हुए दिखाई देंगे। जीवन कौशल विकास हेतु संचालित प्रबल कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेशभर में राजस्थान युवा सभा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की अभिव्यक्ति क्षमता को बढ़ाना है, ताकि वे खुले मंच पर अपने विचार स्पष्ट रूप से रख सकें। विधानसभा जैसी गरिमामयी व्यवस्था में भाग लेकर विद्यार्थी लोकतांत्रिक मूल्यों को समझेंगे और वाद-विवाद व संवाद कौशल में निखार ला सकेंगे।




जानकारी के अनुसार प्रबल कार्यक्रम की 14 थीम आधारित गतिविधियां अगस्त से सितंबर तक सभी विद्यालयों में संचालित होंगी। विद्यालय स्तर पर मेरिट के आधार पर एक छात्र व एक छात्रा का चयन होगा, जो ब्लॉक स्तरीय गतिविधियों में भाग लेंगे। ब्लॉक से चयनित विद्यार्थी जिला स्तर पर पहुंचेंगे और यहां से चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय मॉक विधानसभा - राजस्थान युवा सभा में हिस्सा लेंगे। चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक स्तर पर पांच सदस्यीय चयन समिति का गठन होगा। विद्यालय, ब्लॉक और जिला स्तर पर शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों को भी समिति में शामिल किया जाएगा। इसके लिए विद्यालय स्तर पर बजट का प्रावधान भी किया गया है।

## इनका कहना है

राजस्थान युवा सभा एक सोच है, जिससे राजकीय विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति कौशल का विकास और प्रतियोगिता की भावना जागृत होगी। यह शिक्षा विभाग की एक अग्रिम एवं अनूठी पहल है।

**— डॉ.ओमप्रभा, उपायुक्त, समग्र शिक्षा।**

# QUICK BITES

## धामनिया से 26 अगस्त को सांवरिया सेठ डाक यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



धामनिया के बालाजी धर्मकांटा से 26 अगस्त को भगवान श्री सांवरिया सेठ, चित्तौड़गढ़ के लिए डाक यात्रा रवाना होगी। पूजा-अर्चना व ध्वज पूजन के साथ शुरू होने वाली यह यात्रा कई गांवों से होते हुए सांवरिया जी के दरबार पहुंचेगी।

यात्रा संयोजक ने बताया कि श्रद्धालुओं में उत्साह है और समूह भजन-कीर्तन करते हुए शामिल होंगे। दूसरी बार आयोजित हो रही इस यात्रा के दौरान रामदेवरा व सांवरिया जी जाने वाले पैदल यात्रियों के लिए निःशुल्क भंडारे की भी व्यवस्था रहेगी।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ व भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सावन कुमार जांगिड़ ने की।

शिविर में एमजी अस्पताल की टीम ने 250 से अधिक छात्राओं व संकाय सदस्यों का हीमोग्लोबिन व रक्त परीक्षण किया। गृह विज्ञान विभाग ने छात्राओं की लंबाई, वजन व पोषण स्तर की जांच की।

कार्यक्रम में परिषद सदस्यों ने एनीमिया के कारण, लक्षण व बचाव पर जानकारी दी तथा 45 एनीमिक छात्राओं को गुड़-चने के पैकेट वितरित किए। शिविर का संचालन डॉ. ज्योति सचान ने किया व धन्यवाद ज्ञापन नीलम बरवड़ ने दिया।

## शाहपुरा में कलश स्थापना समारोह का पोस्टर विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



पावर लूम हाथ करघा समिति कार्यालय में कोली समाज की बैठक हुई, जिसमें भीलवाड़ा स्थित 100 वर्षीय देवनारायण देवालय पर होने वाले शिखर कलश स्थापना समारोह को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान समारोह सहित 24 अगस्त को रामदेव जन्मोत्सव और 28 अगस्त को होने वाली भजन संध्या के पोस्टर का विमोचन किया गया।

भजन संध्या में दिलशान मनचला, कन्हैयालाल प्रजापत, सुरभि दाधीच और तेजू सिंह रावत प्रस्तुति देंगे। बैठक में समाज के संरक्षक मंडल व स्थानीय पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## किशनपुरा विद्यालय में भीम आर्मी ने बांटी शिक्षण सामग्री

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भीम आर्मी ने मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय किशनपुरा में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें करीब 70 विद्यार्थियों को पेन, कॉपी, पेंसिल सहित शिक्षण सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के महत्व व अनुशासन पर संदेश देते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाध्यापक नंदकिशोर मीना ने आर्मी टीम का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।